क्रमांक 49

# छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय
## पत्रक भाग – दो

**बुधवार, दिनांक 19 जुलाई, 2023 (आषाढ़ 28, 1945)**

## उत्कृष्टता अलंकरण एवं विदाई समारोह का आयोजन

वर्ष 2022 हेतु चयनित "**उत्कृष्ट विधायक**", "**उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार**" एवं "**उत्कृष्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर**" तथा पंचम विधानसभा की कालावधि हेतु सर्वश्रेष्ठ संसदीय दायित्वों के निर्वहन हेतु चयनित "**जागरूक विधायक**" के पुरस्कार वितरण हेतु "**उत्कृष्टता अलंकरण समारोह**" माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में शनिवार, दिनांक 22 जुलाई, 2023 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से विधान सभा परिसर स्थित लॉन में आयोजित है। इस आयोजन के ठीक पश्चात् पंचम विधानसभा की कालावधि की समाप्ति के परिप्रेक्ष्य में समस्त माननीय सदस्यों हेतु "**विदाई समारोह**" भी आयोजित है, जिसमें समस्त माननीय सदस्यों को माननीय राज्यपाल महोदय के कर–कमलों से **स्मृति–चिन्ह** प्रदाय किया जाना है।

उत्कृष्टता अलंकरण एवं विदाई समारोह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दोपहर भोज से होगा।

इस कार्यक्रम में आप सभी आमंत्रित हैं। कृपया कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने हेतु कार्यक्रम प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व अपना निर्धारित स्थान ग्रहण करने का कष्ट करें।

सचिव,
छत्तीसगढ़ विधान सभा